हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 10 सितम्बर, 2020/19 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 24

खनन पट्टों का आवंटन

1098 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में कितने क्रशर व खनन पट्टों का आवंटन किया गया; ब्यौरा खनन पट्टा धारकों के नाम सहित दें;

(ख) इस अवधि में कितने खनन पट्टे रद्द किए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में कितनी भूमि को समतल करने या जलाशय व अन्य मापदंडों से कार्य करने हेतु स्वीकृति दी गई; ब्यौरा दें?

ट्यूबवैल

1099 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हरोली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव पंडोगा में विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत ट्यूबवैल स्थापित किए जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो यह कहां-कहां पर व कितने स्थापित हो चुके हैं तथा कितने शेष हैं; इनकी स्थापना हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें?

बिजली के खम्भे

1100 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हरोली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हीरां व नंगल खुर्द में निर्माणाधीन खेल मैदान के बीच में बिज़ली के खम्भे लगे हुए हैं; सरकार इन खम्भों को स्थानान्तरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

आउटसोर्सिंग के माध्यम से रोज़गार

1101 **श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी)** ः
श्री राकेश सिंघा(ठियोग) ः

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष से दिनांक 31.08.2020 तक कितने कर्मचारियों को जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स के माध्यम से रोजगार प्रदान किया गया; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें;

(ख) नियुक्त कर्मचारी किस कम्पनी के माध्यम से रखे गए तथा प्रत्येक को कितना-कितना वेतन दिया जाता है; ब्यौरा कर्मचारियों के नाम व पते सहित दें; और

(ग) सरकार क्या इन कर्मचारियों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

बाई पास निर्माण

1102 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि समाला-रोहडू वाया अढाल रोड़ व चिड़गांव बाजार से बाई पास बनाने हेतु सर्वे किया गया है; यदि नहीं, तो क्या सरकार सर्वे करवाने का विचार रखती है?

सड़क निर्माण

1103 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार डोडरा-क्वार से सीओ-डोगरी सड़क बनाने का विचार रखती है; और

(ख) सरकार टिकरी-गड़सारी से गोन्सागो तक डोडरा-क्वार के लिए सुरंग निर्माण करने का विचार रखती है?

मुख्य मन्त्री राहत कोष

1104 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य मन्त्री राहत कोष के अन्तर्गत कितनी धनराशि वितरित की गई; इस धनराशि से कितने लोग लाभान्वित हुए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

राष्ट्रीय राजमार्ग

1105 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :**
श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में 69 सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की सैद्धांतिक मंजूरी केन्द्र से प्राप्त हुई है; यदि हां, तो इन सड़कों के नाम, लम्बाई, मण्डलवार व जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) इन सड़कों में से प्रथम चरण में केन्द्र सरकार द्वारा 25 राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की स्वीकृति दी जा रही है; और

(ग) यदि हां, तो प्राथमिकता के आधार पर बनने वाले इन राजमार्गों का ब्यौरा मण्डलवार, नाम, लम्बाई व अनुमानित लागत सहित दें?

MLA Priority

1106 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto

31.07.2020, what is the latest position of DPRs of MLA priority schemes under PWD?

बेसहारा पशु

1107 **श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज) :**
कर्नल इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने बेसहारा पशुओं हेतु क्या नीति निर्धारित की है तथा इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई जा रही है?

विश्राम गृह

1108 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बलद्वाड़ा में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

मिनी सचिवालय

1109 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बलद्वाड़ा में मिनी सचिवालय (Combined Office building) का निर्माण प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

मरम्मत कार्य

1110 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग बिलासपुर के मंडल-II के अन्तर्गत नवगांव-बेरी सम्पर्क मार्ग तथा शालू घाट से जुखाला सम्पर्क मार्ग पर निर्मित जब्बल पुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो इनकी मरम्मत हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

मुख्य मंत्री लोक भवन

1111 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्वाहन तथा जुखाला में प्रस्तावित मुख्य मंत्री लोक भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा तथा इसके निर्माण हेतु विधायक निधि से कितनी धनराशि जारी की गई है; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

1112 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नाबार्ड एवं विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत सड़कों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

14वां वित्तायोग

1113 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 14वें वित्तायोग द्वारा विभिन्न पंचायतों को कितनी धनराशि प्रदान की गई; कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

Prevention of Corona

1114 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state during the last six months upto 31.07.2020, how much amount has been spent by SDM Shillai for the prevention of Corona Virus; details of various Heads of expenditure be given month-wise and item-wise?

लाभार्थियों का ब्यौरा

1115 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2020 तक जिला ऊना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा किन-किन

पात्र व्यक्तियों को किस-किस योजना के अन्तर्गत धनराशि आवंटित की गई; लाभार्थियों का ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

Char khamba - Jatoli Road

1116 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state the latest position of construction of Char khamba-Jatoli road under Mukhya Mantri Sadak Yojna?

बदराओं पेयजल योजना

1117 **डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विकास खंड कंडाघाट के अन्तर्गत बदराओं पेयजल योजना की अद्यतन स्थिति क्या है तथा यह योजना कब तक कार्यान्वित कर दी जाएगी?

Rain Damages Fund

1118 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state that during the last 2 years upto 31.07.2020, how much amount has been disbursed under Rain Damages in panchayats and villages of Solan Constituency; details be given?

फीस वृद्धि

1119 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड व सी.बी.एस.ई. एफिलिएटिड निजी स्कूलों की कितनी-कितनी फीस सरकार ने कोरोना काल में कम की तथा प्रतिवर्ष फीस वृद्धि को रोकने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) सरकार सी.बी.एस.ई. एफिलिएटिड विद्यालयों में सरकारी पाठशालाओं की तर्ज़ पर छुट्टियां दिलवाने का विचार रखती है?

स्वीकृत धनराशि

1120 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक खंड विकास कार्यालय नालागढ़ में मनरेगा, एम.एल.ए., एम.पी. व डी.सी.पी. मदों के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व किस-किस पंचायत में व्यय की गई; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ख) कितनी योजनाओं का कार्य आरम्भ नहीं हुआ है; ब्यौरा कारणों सहित दें?

पानी बिल

1121 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कोरोना महामारी से आर्थिक गतिविधियों में कमी आने के दृष्टिगत सरकार प्रदेश में पानी के बिल माफ करने का विचार रखती है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांक: 25 अगस्त, 2020. **सचिव।**